**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**25.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

-

- देश आज भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर कर रहा नमन–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लखनऊ में देशवासियों को समर्पित करेंगे राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल।
- प्रदेश सरकार ने आईजीएससी शिमला में हुई मारपीट की घटना पर सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर की सेवाएं की समाप्त।
- हिमाचल प्रदेश भवन व अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड बना श्रमिकों के लिए संबल।
- प्रदेश भर में क्रिसमस की धूम– राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने दी प्रदेशवासियों को क्रिसमस की बधाई ।

**अब समाचार विस्तार से..........**

**अटल**

देश आज भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर नमन कर रहा है। वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में भी मनाई जाती है।

**राष्ट्र प्ररेणा स्थल**

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर आज लखनऊ जा रहे हैं। नरेन्द्र मोदी अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उद्घाटन करेंगे और जन सभा को संबोधित करेंगे। स्वतंत्र भारत की महान विभूतियों की गौरवशाली विरासत के प्रति सम्मान व्यक्त करने के प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प के अनुरूप निर्मित राष्ट्र प्रेरणा स्थल, उस महान राजनेता के जीवन और आदर्शों के प्रति श्रद्धांजलि होगी जिनके नेतृत्व ने देश की लोकतांत्रिक, राजनीतिक और विकास यात्रा पर गहरी छाप छोड़ी है। इस परिसर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 65 फुट ऊंची कांस्य प्रतिमाएं हैं, जो भारत के राजनीतिक चिंतन, राष्ट्र निर्माण और सार्वजनिक जीवन में उनके महत्वपूर्ण योगदान का प्रतीक हैं।

**वाजपेयी–श्रद्धांजलि**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा श्री वाजपेयी ने अपना पूरा जीवन सुशासन और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित कर दिया। उन्हें एक सशक्त वक्ता और महान कवि के रूप में हमेशा याद रखा जाएगा। उनका व्यक्तित्व, कृतित्व और नेतृत्व राष्ट्र के समग्र विकास के लिए प्रकाश स्तंभ बने रहेंगे।

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज रिज मैदान पर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित करेंगे। वहीं भारतीय जनता पार्टी द्वारा भी रिज मैदान पर वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। उधर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाली में स्थापित उनकी प्रतिमा पर बीती शाम दीपक जलाए गए। वाजपेयी के गांव प्रीणी में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वाजपेयी मनाली के निकट प्रीणी गांव को अपना दूसरा घर कहते थे तथा गर्मियों के दौरान यहां आकर रहते थे।

**आईजीएमसी–मामला**

प्रदेश सरकार ने आईजीएमसी शिमला में मरीज को पीटने के मामले में सीनियर रेजिडेंट डॉ. राघव निरूला की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी हैं। गत देर सायं चिकित्सा शिक्षा व अनुसंधान निदेशक ने डॉक्टर के टर्मिनेशन के आदेश जारी किए हैं।

**अधिक ब्यौरा हमारे शिमला जिला संवाददता से।**

***बीते 22 दिसंबर को आईजीएमसी शिमला में डॉक्टर द्वारा मरीज की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ जिस पर काफी हंगामा भी देखने को मिला।सरकार ने मामले की गंभीरता देखते हुए जांच बिठाई और रिपोर्ट आने के बाद डॉक्टर की सेवाएं समाप्त कर सख्त एक्शन लिया है। आईजीएमसी प्रशासन ने जांच पूरी होने तक डॉक्टर को अवकाश पर भेजा था। लेकिन जांच की रिपोर्ट आने के बाद सरकार ने डॉक्टर को टर्मिनेट कर दिया है। सरकार ने 23 दिसंबर को घटना को लेकर एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन कर शीघ्र तथ्यात्मक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया था। जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में निष्कर्ष निकाला कि इस घटना के लिए मरीज और सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर दोनों जिम्मेदार थे।रिपोर्ट में इसे कदाचार, दुर्व्यवहार, सार्वजनिक सेवक के लिए अनुचित आचरण और रेजिडेंट डॉक्टर पॉलिसी 2025 का उल्लंघन माना जिसके आधार पर रेजिडेंट डॉक्टर पॉलिसी 2025 की धारा–9 के तहत कार्रवाई करते हुए डॉ. राघव निरुला की सेवाएं समाप्त करने का आदेश जारी किए गए हैं।***

**कामगार कल्याण बोर्ड**

हिमाचल प्रदेश भवन व अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा बोर्ड में पंजीकृत निर्माण कार्य से जुड़े लोगों व उनके परिजनों के आर्थिक उत्थान के लिए व्यापक कदम उठाए जा रहे हैं। जिला हमीरपुर के भरेड़ी क्षेत्र के गांव घुरालड़ा की सुमना देवी को कामगार कल्याण बोर्ड सहारा बना है। सुमना देवी और उसके पति प्रवीण कुमार दिहाड़ी–मजदूरी और खेती–बाड़ी करके अपनी गुजर–बसर कर रहे थे। कुछ वर्ष पूर्व प्रवीण कुमार को बीमारी से असामयिक मृत्यु हो गई। ऐसी स्थिति में बोर्ड मृतक प्रवीण कुमार के परिवार का सहारा बनकर सामने आया। बोर्ड अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने बताया कि प्रदेश सरकार श्रमिकों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

***हमारे हमीरपुर जिला के अन्दर सुमना देवी जोकि बरेड़ी की रहने वाली है की दो बेटियों है और एक बेटा है एक बेटी जो है नर्सिंग कर रही है और दूसरे क्रमशः 11वीं आदि कक्षा में पढते है जब उनके पति की मृत्यु हो गई और वो हमारे भवन एण्ड सन निर्माण कामगार के अंतर्गत वो हमारे यहां रजिस्ट्रड थे और उनके निधन के उपरांत उनकी धर्म पतनी को दो लाख रुपये दिया गया और साथ में 20 हजार रुपये उनके अंतिम संस्कार के लिए दिया गया आज उनकी बच्ची नर्सिंग कर रही है उसमें भी उस बच्ची को 36 हजार रुपये मिल रहा है और उनके दूसरे बच्चे जो अन्य स्कूलों में पढ़ रहे है उनको भी 12 हजार रुपये प्रति वर्ष मिल रहा है।***

**क्रिसमस**

देश और विदेश में आज क्रिसमस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। देशभर के गिरिजाघरों को रंग–बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। क्रिसमस ईसा मसीह के जन्म की खुशी में मनाया जाने वाला प्रमुख ईसाई त्योहार है। राजधानी शिमला स्थित क्राईस्ट चर्च में सुबह से ही प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। क्रिसमस को लेकर बाजारों में भी खूब भीड़ जुटी हुई है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को क्रिसमस पर्व पर शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने कहा कि क्रिसमस ईसा मसीहा के सत्य, प्रेम और करूणा की शाश्वत शिक्षाओं की याद दिलाता हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि ये त्योहार आपसी सौहर्द और भाईचारे के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि ईसा मसीह का जीवन और उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं क्योंकि वे निःस्वार्थ सेवा, दया और मानवता को बढ़ावा देती हैं।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है। हालांकि प्रदेशभर में मौसम के बावजूद शुष्क ठंड पड़ रही है। राज्य के मैदानी क्षेत्रों में सुबह–शाम कोहरा पड़ने से रात के समय ठंड में वृद्धि दर्ज की जा रही है। पिछले काफी समय से बारिश व बर्फबारी न होने से सूखे की स्थिति बन गई है जिससे किसान–बागवान चिंतित हैं। मौसम विभाग ने 28 व 29 दिसंबर को उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश व बर्फबारी की संभावना जताई है।

**अब सुर्खियां समाचार पत्रों से**

आज अधिकतर समाचार पत्रों ने आईजीएमसी शिमला में डॉक्टर पर की गई कार्रवाई से जुड़ी ख़बर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है–**मारपीट मामले में आई.जी.एम.सी. के सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर राघव निरूला की सेवाएं समाप्त।** दैनिक जागरण का शीर्षक है–**मरीज से मारपीट मामले में डॉक्टर राघव बर्खास्त।** पंजाब केसरी की सुर्खी है–**सरकार का बड़ा फैसला, मारपीट का आरोपी डॉक्टर टर्मिनेट** जबकि दिव्य हिमाचल का कहना है–**आई.जी.एम.सी. में मारपीट का आरोपी डाक्टर बर्खास्त।**

अमर उजाला का शीर्षक है–**मंडी के मलवाणा गांव में घुसे तेंदुए ने एक युवक को मार डाला, 6 किए जख्मी।** दैनिक भास्कर का शीर्षक है–**बल्ह घाटी में 3 जगह तेंदुए का हमला, एक की मौत, 8 घायल, ग्रामीणों ने किया ढेर।**

आपका फैसला मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–**हिमाचल में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आधारभूत संरचना को सुदृढ़ किया जा रहा।** हिमाचल दस्तक के मुताबिक है–**स्वच्छ हवा में स्वास्थ्य लाभ लेने हिमाचल आएं पर्यटक।**

**"अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर "**

- देश आज भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर कर रहा नमन–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लखनऊ में देशवासियों को समर्पित करेंगे राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल।
- प्रदेश सरकार ने आईजीएससी शिमला में हुई मारपीट की घटना पर सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर की सेवाएं की समाप्त।
- हिमाचल प्रदेश भवन व अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड बना श्रमिकों के लिए संबल।

और

- प्रदेश भर में क्रिसमस की धूम– राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने दी प्रदेशवासियों को क्रिसमस की बधाई ।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 11:00बजे नमस्कार**

———————————————————